Regd. No. 185

# Haryana College Teachers' Assocation

(Affiliated to AIFUCTO)
website : www.hcta.in

**Dr. Narender Chahar**
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email : narenderchahar11@gmail.com

**Dr. Ravinder Gasso**
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email : gassoravinder@gmail.com

Ref. No. HCTA/4/14

Dated 14-04-2014

## *For Circulation among Unit Members*

आदरणीय साथियो !

नमस्कार !

1.1.2006 के बाद नियुक्त **शिक्षकों की पैंशन-स्कीम के लिए सरकार द्वारा मैचिंग-ग्रांट** देने के आदेश जारी हो चुके हैं। यह लम्बी जद्दोजहद का परिणाम है। एडिड कॉलेजों के लिए यह मुद्दा हमारे अस्तित्व की बुनियादी शर्तों में से एक था। यह इस अर्थ में भी महत्त्वपूर्ण है कि बदलती स्थितियों में भी हम अपनी परम्परा को अटूट रखने में कामयाब हैं। एच.सी.टी.ए. क्रांतिकारी अभिवादन के साथ सभी सदस्यों को बधाई देती है।

**समन्वित मैडिकल सकीम** लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री से एच.सी.टी.ए. की बातचीत हुई है। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होते ही तत्काल हम उनसे कार्यक्रम के लिए समय देने का आग्रह करेंगे।

सरकार के स्तर पर लम्बित अन्य मांगों के लिए एच-फुक्टो के साथ मिलकर मई के पहले हफ्ते में चण्डीगढ़ जाने का कार्यक्रम है।

### कुरुक्षेत्र में 22 अप्रैल का धरना-प्रदर्शन

साथियो ! कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी के साथ जुड़े मुद्दों पर प्रशासन विशेष रूप से कुलपति से हमारे मतभेद लम्बे समय से चल रहे हैं। राज्य कार्यकारिणी (12/1/2014) तथा पदाधिकारियों (13/4/2014) की मीटिंग के निर्णयानुसार 22 अप्रैल 2014 को सुबह 10 बजे से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी यूनिटों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में 22 अप्रैल को 10 बजे कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी पहुंचे।

कुवि प्रशासन को दिया मांग पत्र संलग्न है। यूनिट पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस पत्र समेत तीनों पत्रों की फोटो प्रति प्रत्येक सदस्यों को देना सुनिश्चित करें।

क्रांतिकारी अभिवादन के साथ

शिक्षक एकता जिंदाबाद !

एच.सी.टी.ए. जिंदाबाद !

आपका

रविन्द्र गासो

नोट : यूनिटों से अनुरोध है कि वे अपनी बकाया मैम्बरशिप वित्त सचिव डॉ. रामपाल सिंह (09466434303) के पास तुरन्त जमा करवा दें।

Regd. No. 185

# Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : ww.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. HCTA-4/14 Dated 14.4.2014

सेवार्थ,

कुलपति,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

***विषय : कॉलेज शिक्षकों की मांगों संबंधी प्रशासन का नकारात्मक रवैया।***

श्रीमान जी,

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (HCTA) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ पिछले लम्बे समय से व्यवस्था व शिक्षकों सम्बन्धी निम्न मुद्दों पर बहस-विमर्श कर रही है-

1. एडिड कॉलेजों में सैल्फ फाइनैंस शिक्षकों (पार्ट-टाईम शिक्षकों सहित) की नियुक्ति के लिए **'योग्यता-भर्ती प्रक्रिया-वेतन'** पर कोई समझौता न करना। बाकायदा **यूनिवर्सिटी-अप्रूवल** लाज़िमी करना।
2. **अकादमिक-परिषद् ( ए.सी. ) से एक कॉलेज-शिक्षक को कार्यकारिणी परिषद ( ई.सी. )** में भेजने का प्रावधान करना।
3. एडिड कॉलेजों के लिए बनने वाले **हरेक पैनल में वरिष्ठ कॉलेज शिक्षकों का नाम** शामिल करने सम्बन्धी प्रावधान करना।
4. एडिड-कॉलेजों में **'प्रिंसीपल-पद के लिए सरकार द्वारा घोषित सिलैक्शन-क्राइटीरिया' की वैधता और जरूरत** को जांचने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन करना। फैसला होने तक प्रिंसीपल पद की सिलैक्शन पर रोक लगाना।
5. कॉलेजों में **'स्टाफ-कौंसिल'** व **'विभागीय-कौंसिल'** को वैधानिक दर्जा देना।
6. एडिड कॉलेजों की **गवर्निंग बॉडीज में कुलपति-प्रतिनिधि वरिष्ठतम कॉलेज शिक्षकों को लगाने** का कैलेण्डर में प्रावधान करना।
7. पीएच.-डी. व एम.फिल् **गाइड बनने की कॉलेज शिक्षकों को ( UG/PG दोनों को ) अनुमति देना।**

7.1 कॉलेज शिक्षकों को पीएच.-डी. करने के लिए **पृथक् सीटों का प्रावधान करना।**

8. **सेमेस्टर सिस्टम की भयंकर कमियों** को दूर करना। तीसरे और पाँचवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पिछले सेमेस्टरों के **आधे पेपर पास होना अनिवार्य करना।**

9 गवर्निंग बॉडीज में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व दोगुना करना।

9.2 **गवर्निंग बॉडीज के कामकाज सम्बन्धी** एच.सी.टी.ए. के 21.11.2013 के पत्र पर कार्रवाई करना।

10. कॉलेज शिक्षकों की एसोसिएशन के लिए **कैम्पस में दफ्तर** खोलने के लिए जगह देना।
11. एडिड कॉलेज **शिक्षकों की विषयानुसार वरिष्ठता-सूची** एच.सी.टी.ए. को तुरन्त प्रदान करना।

**एच.सी.टी.ए. उपर्युक्त मुद्दों पर प्रशासन के नकारात्मक रवैये से आहत है। राज्य कार्यकारिणी ( 12/1/2014 ) तथा प्रदेश पदाधिकारियों ( 13/4/2014 ) की मिटिंग में लिए निर्णय के अनुसार कॉलेज शिक्षक 22 अप्रैल 2014 को कुलपति कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर फिर भी मांगें नहीं मानी गईं तो बहुस्तरीय आंदोलन खड़ा किया जाएगा।**

भवदीय
डॉ. रविन्द्र गासो

Regd. No. 185

# Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

**Dr. Narender Chahar**
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

**Dr. Ravinder Gasso**
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. HCTA-11/13 Dated 21.11.13

सेवार्थ,

कुलपति,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

***विषय : एडिड-कॉलेजों की गवर्निंग बॉडीज के कामकाज सम्बन्धी।***

श्रीमान जी,

सबसे पहले हम यह रेखांकित करना चाहते हैं कि हरियाणा के एडिड कॉलेजों ने प्रदेश की उच्च शिक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है और दे रहे हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास में स्वतन्त्रता संग्राम व नवजागरण की यह महान विरासत जन-कल्याण की बुनियाद पर खड़ी है। तथाकथित उदारीकरण तथा उत्तर-आधुनिक दौर के विखण्डन का असर एडिड-कॉलेजों के ढांचों पर भी दिखाई दे रहा है। इन संस्थाओं की मूल भावना को बनाए रखने के लिए हमारा निवेदन है कि-

1. प्रत्येक कॉलेज की वेबसाइट पर उसका संविधान, स्थापना के उद्देश्य, निर्माताओं का योगदान, संस्था का विकास व वर्तमान, प्रबन्ध समिति के सदस्यों का नाम, पद, पता इत्यादि प्रदर्शित करना अनिवार्य बनाया जाये।
2. कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की प्रत्येक गतिविधि को वैबसाइट पर लाना अनिवार्य बनाया जाये-चुनाव, मीटिंग का एजेण्डा, कार्यवाई रिपोर्ट सब वैधानिक तरीके से समयानुसार हो और उसे ऑन-लाईन किया जाये।
3. प्रत्येक मीटिंग सम्बन्धी सरकार व विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि अपनी लिखित रिपोर्ट विभाग को दें और उसे आगामी मीटिंग की कार्यवाई में शामिल किया जाये।
4. प्रत्येक तीन महीने बाद गवर्निंग-बॉडी की मीटिंग को अनिवार्य किया जाये।
5. गवर्निंग-बॉडी में शिक्षक प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व दोगुना किया जाये।
6. गवर्निंग-बॉडी में सरकार व विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधि यहां तक संभव हो एडिड कॉलेजों के प्रिंसीपल या वरिष्ठतम शिक्षक को ही लगाया जाये।
7. सेवा सुरक्षा-एक्ट तथा यूनिवर्सिटी कैलेण्डर को सख्ती से लागू किया जाये।
8. एडिड कॉलेजों के प्रिंसीपलों के दायित्वों को निर्धारित करने के लिए तथा उनकी प्रशासनिक-वित्तीय पारदर्शिता के लिए स्पष्ट नियम बनाए जायें।
9. यूनिवर्सिटी टीचिंग-विभागों की तरह कॉलेजों में भी स्टाफ-कौंसिल को वैधानिक दर्जा दिया जाये तथा कॉलेजों में प्रत्येक विभाग की कौंसिल को भी वैधानिक बनाया जाये।

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों के अधिकार नहीं दायित्व और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए संचालन में वृहद-भागीदारी की मांग कर रही है। यह हमारा सभी का कर्त्तव्य है कि एडिड कॉलेजों के जन-कल्याणकारी लोकतान्त्रिक स्वरूप को मजबूत किया जाये।

आदर सहित

भवदीय

( डॉ. रविन्द्र गासो )